**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 12.09.2024 को मध्यान्ह 12.00 बजे सम्पन्न 29वीं बैठक का कार्यवृत्त**

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री अन्नावि दिनेशकुमार**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 वन्दना सहगल**<br>प्राचार्य, /अधिष्ठाता, फैकल्टी आफ आर्कीटेक्चर एण्ड प्लानिंग (मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 7. | **डा0 मनीष गोस्वामी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | **श्री यशवन्त सिंह**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 10. | **डा0 मुरलीधर राम गुप्ता**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रगुख सचिव, उच्च शिक्षा तिभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 11. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 ललित कुमार सिंह**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 13. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, सत्त शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010 (शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 25.07.2024 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में परिषद सदस्यों को अवगत कराया गया कि शैक्षिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पाठ्यक्रमों क्रमशः बी0टेक0 में प्रवेश क्षमता 987 के सापेक्ष 922, बी0बी0ए0 में प्रवेश क्षमता 75 के सापेक्ष 75, बीएस–एमएस में प्रवेश क्षमता 38 के सापेक्ष 38, नये बी0फार्मा0 कोर्स में प्रवेश क्षमता 75 के सापेक्ष 22, एम0सी0ए0 में प्रवेश क्षमता 78 के सापेक्ष 78, एम0बी0ए0 में प्रवेश क्षमता 240 के सापेक्ष 210, एम0एस0सी0 में प्रवेश क्षमता 114 के सापेक्ष 48 एम0टेक0 में प्रवेश क्षमता 214 के सापेक्ष 74 पी0एच0डी0 में प्रवेश क्षमता 119 के सापेक्ष 58 छात्रों द्वारा नवप्रवेश प्राप्त किया गया है। बी0टेक0 की रिक्त सीटों को भरे जाने हेतु दिनांक 13/09/2024 को स्पाट काउन्सलिंग निर्धारित है।

प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्रों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 16/08/2024 से 31/08/2024 तक इन्डक्सन प्रोग्राम सम्पन्न कराया जा चुका है। जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय विभागों, अनुभागों व अन्य सुविधाओं से परिचित कराया गया। साथ ही

विभिन्न मोटिवेशनल टाक्स के माध्यम से जीवन में सफलता के लिये मार्गदर्शन किया गया।

विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग द्वारा सिविल इंजी0 विभाग आई0आई0टी0 कानपुर एवं फैकल्टी आफ सिविल एण्ड इनवायरन्मेन्टल इंजी0 टेक्नियॉन, इजराइल के साथ Indo-Israel Workshop on "Design and Implementation of Smart Water Systems" दिनांक August 30-31st, 2024 को आयोजित किया गया।

विगत शैक्षिक सत्र 2023–24 में 123 कम्पनियों द्वारा 636 जाब आफर दिया गया। CS, IT, EE, ME, CHE, OT, PT ब्रान्च में अर्ह 100 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेन्ट हुआ। सेवायोजित छात्रों को अधिकत्म पे पैकेज 32.00 लाख एवं औसत पे पैकेज 7.57 लाख रहा। इस सत्र 2024–25 में सेवायोजन प्रारम्भ हो गया है और 4 कम्पनियों द्वारा विजिट की जा चुकी है और 10 छात्रों का प्लेसमेन्ट हो चुका है।

विश्वविद्यालय द्वारा 108 सीटेड छात्रा छात्रावास के टॉयलेट ब्लाक का निर्माण तथा छात्रावास का रिनोवेशन कार्य कराया गया है। रिनोवेशन के उपरान्त उक्त छात्रा छात्रावास को प्रयोग में लिया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के केमिकल इंजी0 विभाग हेतु निर्मित भवन विगत कई वर्षो से धन के अभाव के कारण अर्धनिर्मित अवस्था में था। विश्वविद्यालय द्वारा उसे अपनी बचतों की धनराशि से पूर्ण कराते हुए केमिकल इंजी0 विभाग को उक्त भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग हेतु निर्मित भवन की भी आंशिक कमियों को दूर करते हुए पूर्ण कराया जा रहा है। शीघ्र ही उक्त विभाग को भी नवनिर्मित भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 27/09/2024 को आयोजित है जिसकी अध्यक्षता माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी तथा दीक्षान्त समारोह में दीक्षान्त भाषण मुख्य अतिथि प्रो0 मणीन्द्र अग्रवाल, निदेशक आई0आई0टी0 कानपुर द्वारा दिया जायेगा। मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के षष्ठ्म दीक्षान्त समारोह में समस्त मा0 कार्यपरिषद सदस्यों को आमंत्रित किया गया।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 राधा सचान, सहायक आचार्य, पेन्ट टेक्नालॉजी विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की

योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में पेन्ट टेक्नालॉजी विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किये गये:

1. विभाग द्वारा संचालित इलेक्टिव कोर्सेस : Basics of Paint Technology एवं Basics of Paint Manufacturing में Economics का समावेश किया जाए। जिससे कि निर्माण की लागत को किस प्रकार कम किया जा सकता है, का भी छात्रों को ज्ञान हो सके।
2. आई0सी0टी0 मुम्बई में संचालित Paint & Coating Technology में संचालित कोर्सेस का अध्ययन कर यदि आवश्यक हो तो उसके अनुसार ही वर्तमान पाठ्यक्रम में आंशिक संशोधन किया जा सकता है।
3. विभाग के उद्यमी पूर्व छात्रों से सम्पर्क करके पेन्ट टेक0 विधा में कुछ कोर्स जैसे कि Entrepreneurs in Paint Technology/Invited lecturer इत्यादि को सम्मिलित करें जिससे कि छात्रों का रूझान भी उद्यम स्थापना की ओर हो सके।
4. विभाग द्वारा प्रकाशित शोध पत्रों की संख्या वृद्धि हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 29वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 29.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 25.07.2024 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 25.07.2024 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 29.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 25.07.2024 को सम्पन्न 28वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 25.07.2024 को सम्पन्न 28वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के दौरान निम्न सुझाव दिये गये:

1. कार्मिकों को ए0सी0पी0/प्रोन्नति का लाभ प्रदान करते समय स्किल टेस्ट/टंकण टेस्ट (जैसा लागू हो) अनिवार्यतः करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।
2. मृतक आश्रित नियुक्ति के प्रकरण में जारी शासनादेशानुसार निर्धारित अवधि के उपरान्त टंकण टेस्ट करवाया जाए।
3. विश्वविद्यालय में भविष्य के निर्माण कार्यो हेतु किसी अच्छे वास्तुविद से 20 से 30 वर्षो हेतु मास्टर प्लान तैयार करवाया जाए। यदि संभव हो

तो भविष्य में भूमि की उपलब्धता के कारण निर्माण कार्य पश्चिमी प्रांगण में ही करवाये जाएं।

**मद सं0 29.03** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 10.09.2024 को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 10.09.2024 को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया और मद संख्या 21.10 के अन्तर्गत उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या में वृद्धि होने पर मा0 कुलपति को अनुमोदन हेतु अधिकृत किया।

**मद सं0 29.04** **विश्वविद्यालय के छात्रों के अन्य संस्थाओं द्वारा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन की कार्यवाही पर शुल्क निर्धारण के प्रकरण पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा सत्यापन एजेन्सियों से प्राप्त होने वाले सत्यापन कार्य अनुरोध हेतु प्रत्येक छात्र रू0 500/– सत्यापन शुल्क लिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही सत्यापन एजेन्सियों के अतिरिक्त किसी शैक्षिक संस्थान/शासकीय विभाग/पुलिस सत्यापन अथवा सीधे छात्र के सेवायोजक द्वारा अनुरोध करने पर सत्यापन कार्य निःशुल्क किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0 29.05** **इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (आई), कानपुर लोकल सेन्टर को विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि की लीज अवधि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय एक्ट की धारा 7 में दी गयी निम्नोक्त व्यवस्था का संज्ञान लिया गयाः

*"विश्वविद्यालय राज्य सरकार की पूर्व सहमति के बिना विश्वविद्यालय की किसी चल या अचल सम्पत्ति को न पट्टे पर देगा, न उसका बिक्रय करेगा या अन्यथा न उसका अन्तरण या निस्तारण करेगा।"*

इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय एक्ट की धारा 3(4) के अन्तर्गत संचालित कार्यवाही शासन स्तर पर लम्बित होने के कारण अद्यतन लीज सम्पन्न न होने की स्थिति का भी संज्ञान लिया गया। साथ ही कार्यपरिषद द्वारा यह भी संज्ञान में लिया गया कि "द इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया)"

के वर्ष 2017 में लीज अवधि बढ़ाये जाने के अनुरोध पर कार्यपरिषद की दिनांक 11/06/2017 को सम्पन्न प्रथम बैठक के मद संख्या 1.18 तथा तद्क्रम में दिनांक 10.04.2018 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के मद संख्या 2.17 में लिये गये निर्णय *''यथास्थिति बनाये रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये''* से भी कार्यपरिषद संज्ञानित हुयी।

सम्पूर्ण प्रकरण पर विचारोपरान्त कार्यपरिषद द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि विश्वविद्यालय एक्ट की इंगित धाराओं में दी गयी व्यवस्था एवं कार्यपरिषद की प्रथम एवं द्वितीय बैठकों में हुये निर्णयों के आलोक में तथा विश्वविद्यालय में ''द इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया)'' के लोकल सेन्टर द्वारा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के दृष्टिगत उक्त केन्द्र को पूर्व अनुमन्य 30 वर्ष की लीज अवधि पूर्ण होने की तिथि अर्थात 25.10.2017 से 30 वर्ष की अवधि अर्थात 24/10/2047 तक लीज विस्तारित किये जाने की संस्तुति सहित प्रकरण को राज्य सरकार की अनुमति हेतु उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाए और प्रकरण में शासन से प्राप्त होने वाले निर्णय के अनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही संपादित की जाए।

**मद सं0 29.06** **स्व0 श्री राकेश कुमार, लैब अटैण्डेन्ट के आकस्मिक निधन के फलस्वरूप अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा स्व0 श्री राकेश कुमार, लैब अटेण्डेन्ट के पुत्र श्री अभिषेक सरोज की विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी के पद लैब अटेण्डेन्ट पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 29.07** **विश्वविद्यालय के प्लास्टिक टेक0 विभाग की एक महिला संकाय सदस्य के साथ विभाग में कार्यरत चौकीदार द्वारा किये गये अनुचित व्यवहार की प्राप्त शिकायत पर की गयी कार्यवाही पर अनुमोदन**

महिला संकाय सदस्य के साथ अनुचित व्यवहार पर श्री जंग बहादुर पाण्डेय, चौकीदार की बर्खास्तगी की कार्यवाही पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुए कृत कार्यवाही की सराहना की गयी और सुझाव दिये गये कि इस प्रकार के प्रकरणों में कठोरत्म कार्यवाही की जाए।

**मद सं0 29.08** **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 29.08.01** **विश्वविद्यालय में चिकित्साधिकारी के पद पर चयनित डा0 राजेश चन्द्रा द्वारा कार्यभार ग्रहण न किये जाने के फलस्वरूप पद को रिक्त घोषित करते हुए पुनः विज्ञापित किये जाने पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय में चिकित्साधिकारी के पद पर नियुक्त डा0 राजेश चन्द्रा द्वारा कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति का संज्ञान लिया गया। विचारोपरान्त चिकित्साधिकारी के पद को रिक्त घोषित कर पद के पुर्नविज्ञापन हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि निर्णय से डा0 राजेश चन्द्रा को भी अवगत करा दिया जाए।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः 781 / अदम / ओटीटीएससी / कार्यपरि0–29वीं कार्यवृत्त / 2024 दिनांकः 13 / 09 / 2024

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति / अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव